**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3849**
**25 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**एम्स की विलंबित परियोजनाएं**

**3849. श्री अशोक कुमार यादव:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) सरकार द्वारा देश के विभिन्न भागों में एम्स की स्थापना में होने वाली देरी को रोकने के लिए कौन-कौन से आवश्यक कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(ख) सरकार द्वारा देश में ऐसी लंबित एम्स परियोजनाओं में ओपीडी सेवाएं शुरू करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) और (ख): मंत्रालय किसी भी विलंब को रोकने के लिए चिकित्सा उपकरणों के निर्माण, प्रापण और संस्थापनाओं के मामले में नई एम्स परियोजनाओं की प्रगति की बारीकी से निगरानी करता है। परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए, जीएफआर, 2017 के नियम 141 के तहत एक परियोजना समीक्षा समिति का भी गठन किया गया है। परियोजनाओं का निष्पादन कार्यकारी एजेंसियों (ईए) के माध्यम से किया जाता है और इंजीनियरिंग प्रापण एवं विनिर्माण (ईपीसी) मोड में निर्माण कार्य किया जाता है। इस मंत्रालय ने नए एम्स के लिए चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए प्रापण सहयोग एजेंट (पीएसए) नियुक्त किया है।

पीएमएसएसवाई के अंतर्गत अनुमोदित नए एम्स विभिन्न चरणों में हैं। नए एम्स में ओपीडी सेवाओं की शुरुआत उपयुक्त अवसंरचना एवं संकाय सहित स्वयं की जनशक्ति की उपलब्धता से जुड़ी हुई है।

******